Alberta

प्रेस विज्ञप्ति

कैलगरी में किफायती हाउसिंग बढ़त पर है

29 सितंबर, 2022

डाउनटाउन कैलगरी अब कई तरह के किफायती आवास विकल्पों, समर्थन और सेवाओं का ठिकाना है - वह भी सारा कुछ एक ही छत के नीचे।

गैर-लाभकारी आवास प्रदाता, होमस्पेस सोसाइटी ने 10-मंजिला सिएरा प्लेस कार्यालयी इमारत को ज़रूरतमंद कैलगरी वासियों के लिए, आवासीय में बदलने का काम पूरा कर लिया है। अच्छाई और नई शुरुआत को दर्शाने के लिए, नाम को नियोमा में बदला गया है। ईमारत में किफायती आवासों की 82 यूनिटें और शेल्टर स्थानों तथा संक्रमणकालीन आवासों की 10 यूनिटें हैं। इसमें इन फ़्रॉम द कोल्ड के लिए कार्यालय और प्रोग्रामिंग स्थान तथा किरायेदारों के लिए सुख-सुविधाएं भी शामिल हैं।

अल्बर्टा और कनाडा की सरकारों में से प्रत्येक ने इस अभिनव प्रोजेक्ट के लिए
$1 मिलियन का योगदान दिया है। इस प्रोजेक्ट से लगभग 220 नौकरियों को समर्थन मिला है।

"कनाडा का हर व्यक्ति एक ऐसी सुरक्षित और किफायती जगह का हकदार है, जिसे वह घर कह सके। रैपिड हाउसिंग इनिशिएटिव का शुक्रिया, जिनकी बदौलत हमारी सरकार यहां कैलगरी समेत समूचे कनाडा में अत्यन्त कमज़ोर लोगों के लिए तेज़ी से किफायती घर उपलब्ध करा कर, इसे हकीकत बना रही है। यह हमारी सरकार की राष्ट्रीय आवास रणनीति में शामिल उन कई तरीकों में से एक है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी पीछे न छूट जाए।”

अहमद हुसैन, संघीय मंत्री, आवास, विविधता और समावेशन

संक्षिप्त तथ्य

- कुल परियोजना लागत $30 मिलियन थी। इसमें शामिल हैं:
    - $2 मिलियन अल्बर्टा सरकार और कनाडा सरकार की तरफ से
    - $16.6 मिलियन फेज़ 2 रैपिड हाउसिंग इनिशिएटिव (RHI) के माध्यम से कनाडा मॉरगेज एंड हाउसिंग कॉर्पोरेशन की तरफ से
    - $5.7 मिलियन की कोलैबरेटिव कैपिटल कैम्पेन फ़ंडरेसिंग
    - $5.5 मिलियन कैलगरी सिटी की तरफ से
    - $200,000 सीड फ़ंडिंग में कनाडा मॉरगेज एंड हाउसिंग कॉर्पोरेशन की तरफ से
- अल्बर्टा सीनियर्स और हाउसिंग्स कैपिटल प्लान 2022 ने 2,300 नई और पुनर्जीवित किफायती आवास यूनिटें प्रदान करने के लिए तीन वर्षों में $281 मिलियन आवंटित करके 2,000 से अधिक नौकरियों को समर्थन दिया है।
- कनाडा की राष्ट्रीय आवास रणनीति (NHS) $72 बिलियन से ज्यादा की राशि वाली 10-वर्षीय योजना है, जिससे कनाडा वासियों को घर कहलाने वाला ठिकाना मिलेगा।
- NHS संघीय, प्रांतीय और क्षेत्रीय (टेरिटोरियल) सरकारों के बीच मज़बूत भागीदारी और ऐसी अन्य संस्थाओं के साथ निरंतर जुड़ाव के आधार पर निर्मित है जिनमें नगर निकाय, देसी लोगों की सरकारें और संगठन, तथा सामाजिक और निजी हाउसिंग सेक्टर शामिल हैं। इसमें सभी जीवन क्षेत्रों के कनाडा वासियों और आवास ज़रूरत के अनुभव वाले लोगों के साथ परामर्श शामिल है।

संबद्ध लिंक

आवास पर कनाडाई प्राधिकरण कनाडा मॉरगेज एंड हाउसिंग कॉर्पोरेशन (CMHC) आवास बाज़ार और वित्तीय प्रणाली की स्थिरता में योगदान करता है, आवास के ज़रूरतमंद कनाडा वासियों के लिए सहायता प्रदान करता है, तथा कनाडा सरकार के सभी स्तरों, उपभोक्ताओं और आवास उद्योग के लिए आवास संबंधी निष्पक्ष शोध और सलाह प्रदान करता है। अधिक जानकारी के लिए, कृपया cmhc.ca पर जाएं या हमें ट्विटर, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, लिंक्डइन और फ़ेसबुक पर फ़ॉलो करें। NHS के बारे में और अधिक जानने के लिए, placetocallhome.ca पर जाएं।

अल्बर्टा का वरिष्ठ एवं आवास मंत्रालय, किफायती आवासों के विकास को बढ़ावा देकर अल्बर्टा के अत्यंत ज़रूरतमंद लोगों के लिए आवास विकल्प सुगम करवाने में समर्थन देता है। मंत्रालय वरिष्ठजनों, उनके परिवारों व देखरेख-कर्ताओं, आवासीय समर्थन की आवश्यकता वाले अलबर्टा वासियों और समुदायों एवं अन्य सरकारी भागीदारों के साथ मिलकर काम करता है। मंत्रालय और

उसके कार्यक्रमों तथा पहलों (इनीशिएटिव्स) का अधिक विस्तृत विवरण alberta.ca/ministry-seniors-housing.aspx पर पा सकते हैं।

संबंधित जानकारी

- किफायती आवास रणनीति ज्यादा मज़बूत बुनियाद